# सृष्टि चक्र

ओं इत्येकाक्षरं ब्रह्म
ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमाम् कस्मै देवाय हविषा विधेम!
डी.ए.वी.पी. ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322
डाक पंजीयन संख्या: यू.ए./डी.ओ./दे.दून/291/.2024-26

वर्ष-20 अंक-04 साप्ताहिक हरिद्वार ( उत्तराखण्ड ) बृहस्पतिवार 19 जून 2025 पृष्ठ-4 मूल्य 1 रूपया


# मुख्यमंत्री धामी ने आपात स्थिति से निपटने के लिए की समीक्षा बैठक

ए. गुप्ता

देहरादून। सीएम धामी ने मानसून के दौरान किसी भी भूस्खलन की आपात स्थिति के दौरान घटना स्थल पर 15 मिनट के भीतर अनिवार्यतः जेसीबी पहुंचाने के सख्त निर्देश लोक निर्माण विभाग सहित सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने तत्परता से राज्य का लैण्डस्लाइड मैप तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बरसात से पहले राज्य के सभी पुलों का सुरक्षा ऑडिट करते हुए सम्बन्धित सचिव को विशेष रूप से हल्द्वानी से कैंचीधाम, अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ रुट के पैच वर्क एवं राज्य के सभी पुलों की समीक्षा हेतु तत्काल निरीक्षण दौरा करने के निर्देश दिए हैं। मानसून सीजन एवं मेडिकल आपातकाल के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने पुरानी एम्बुलेंस वाहनों को तत्परता से बदलने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेडिकल इमर्जेसी जैसी स्थिति की दृष्टि से पिथौरागढ़ एक अतिरिक्त हैलीकॉप्टर की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिथौरागढ़ में हैलीपेड एवं एयरपोर्ट निर्माण सम्बन्धित




कार्यवाही को तीव्र करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए हैं। सीएम ने मानसून के दौरान जीर्ण शीर्ण विद्यालयों का चिन्हीकरण करते हुए इनमें विद्यार्थियों का पठन-पाठन बन्द करवाते हुए तत्काल प्रभाव से शेल्टर की व्यवस्था करने के निर्देश शिक्षा विभाग एवं जिलाधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अगले तीन दिनों में स्कूल, अस्पतालों, आश्रमों जैसे स्थलों संवेदनशील स्थलों का सुरक्षा की दृष्टि से वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जलाश्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए नियमित रूप से सिल्ट हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार एवं उधमसिंह नगर जैसे मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति के स्थायी समाधान एवं जल निकासी को लेकर विशेषज्ञ एंजेसी की सहायता से सर्वे करते हुए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को बन्द सड़कों की रियल टाइम जानकारी की नियमित रूप से एप एवं वेबसाइट पर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र में सभी जिलाधिकारियों के साथ मानसून सीजन एवं आपदा प्रबन्धन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। राज्य में आपदा के रिस्पॉन्स एवं पूर्व तैयारियों के मामलों में अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए कि जनजागरूकता हेतु आपदा से सम्बन्धित टॉल फ्री नम्बर, सचेत एप आदि का समुचित प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपदा के मामलों को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए टीम भावना एवं प्रभावी समन्वय से कार्य करने की नसीहत दी। इसके साथ ही उन्होंने एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के जवानों की मदद हेतु स्थानीय लोगों को भी आपदा राहत एवं बचाव कार्यों में शामिल करने एवं प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अस्पताल, स्कलों, आश्रम सहित सभी संवेदनशील जगहों पर बिजली के खुले तारों को सुरक्षित कवर करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को तत्परता से मलबा हटवाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आपदा के लिहाज से संवेदनशील सभी स्थानों में पर्याप्त मात्रा में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टुकड़ियों तैनात करने के निर्देश दिए। हेलीकॉप्टर सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने सभी हेलीपेडों में सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने तथा हेलीपैडो का सेफ्टी ऑडिट करने को कहा। उन्होंने आपदाओं के दृष्टिगत पिथौरागढ़ जनपद में भी एक हेलीकॉप्टर तैनात रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पिथौरागढ़ जनपद में एयरपोर्ट के विस्तार के कार्यों तथा प्रक्रिया को तेज करने तथा मेडिकल कॉलेज के कार्य को भी शीघ्रता से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि आपदा के समय पिथौरागढ़ जनपद के दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को समुचित उपचार मिल सके। उन्होंने मानसून के दृष्टिगत गर्भवती महिलाओं का डेटाबेस बनाने और ऐसी महिलाएं जिनकी डिलीवरी अगले चार माह में होनी है उसके लिए अभी से प्रबंध करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने नैनीताल जनपद में गोला एप्रोच रोड के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने तथा यदि इस काम के लिए अतिरिक्त धन की आवश्यकता है तो शासन से उसकी मांग करने के निर्देश दिए।

## उत्तराखंड में बढ़ रहा तीर्थाटन का दायरा

वाणी

देहरादून। चारधाम यात्रा में इस बार अब तक करीब 32 लाख यात्री पहुंच चुके है। अच्छी बात यह है तीर्थयात्री अब चारधामों के साथ ही अन्य मंदिरों / तीर्थ स्थलों में भी पहुंच रहे हैं। जिससे चारधाम यात्रा मार्ग की तरह, अन्य स्थानों पर भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो रही हैं। उत्तराखंड में स्थित चारों धामों में प्रतिवर्ष यात्रा काल के दौरान लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस यात्रा सीजन में ही चारधाम और हेमकुंड के लिए कुल पंजीकरण की संख्या 44 लाख से अधिक हो चुकी है। इसमें यमुनोत्री धाम के लिए 713456, गंगोत्री के लिए 78०554, केदारनाथ के लिए 1443513, बद्रीनाथ के लिए 1336923 और हेमकुंड के लिए 16918० पंजीकरण हुए हैं, जिसमें से अब तक करीब 32 लाख तीर्थयात्री यात्रा पूरी कर चुके हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर इसका सकारात्मक आर्थिक प्रभाव नजर आ रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार, अन्य तीर्थ स्थलों और धामों के भी प्रचार- प्रसार पर जोर देते रहे हैं, ताकि तीर्थयात्रियों के आने से इन क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो सके। इसका सकारात्मक असर रुद्रप्रयाग स्थित कार्तिकेय स्वामी मंदिर, उत्तरकाशी स्थित जगन्नाथ मंदिर के साथ ही अन्य मदिरों में आने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या के रूप में नजर आने लगा है। आंकड़ों के मुताबिक कार्तिकेय स्वामी मंदिर में गत वर्ष करीब चार लाख तीर्थ यात्री पहुंचे थे, जबकि इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे है। उत्तरकाशी में स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी इस वर्ष अब तक 25 हजार तीर्थ यात्री पहुंच चुके हैं। जिस कारण अब चारधाम यात्रा मार्ग की तरह अन्य स्थानों पर भी होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन, प्रसाद सहित तमाम तरह की गतिविधियां बढ़ रही हैं।

## असहाय, दिव्यांग, महिला, बुजुर्ग, बच्चों से बदसुलुकी, दादागिरी सहन नहीः डीएम

एस. गुप्ता

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता आयोजित दिव्यांग अंजोना मलिक अपनी रेलवे पास एवं रोडवेज बस पास नवीनीकरण की फरियाद लेकर पंहुची, जिस पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को रेलवे पास नवनीकरण कराने के निर्देश दिए। वहीं पाया कि अंजना का उत्तराखण्ड रोडवेज बस पास की वैधता माह सितम्बर 2०25 तक है। अंजना ने डीएम को बताया कि उनसे रोडवेज बस पर किराया लिया जा रहा है। डीएम ने सहायक महाप्रबन्धक को प्रकरण पर ०3 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी है। जिलाधिकारी के जनता दर्शन कार्यक्रम में श्रीमती अंजोना मलिक 3०1 बंगाली बस्ती, मायाकुण्ड, ऋषिकेश, देहरादून जो दोनों हाथों से 8० प्रतिशत दिव्यांग है के द्वारा अवगत कराया गया है



कि यू०डी०आई०डी कार्ड होने के बाद भी उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने पर उनसे किराया वसूला जाता है। जिला प्रशासन द्वारा महाप्रबंधक, संचालन उत्तराखंड परिवहन निगम, देहरादून को प्रकरण के विषय में पत्र प्रेषित कर अवगत कराया कि 4० प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांगजनों को उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा का प्राविधान है तथा प्राविधान से सम्बन्धितों को भी अवगत करवाने की अपेक्षा की गई।



## सम्पादकीय

### ईरान-इजरायल युद्ध

दुनिया भर में जिस तरह का एक नया संघर्ष उत्पन्न हो रहा है उससे सभी देश चिंतित तो हैं लेकिन वह इस संघर्ष को अपने-अपने तरीके से देख भी रहे हैं। रूस और यूक्रेन का युद्ध तो अब भी जारी है। भारत तथा पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर की आग अभी ठंडी ही पड़ी थी कि इजरायल ने ईरान पर भी हमला बोल दिया। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच पूर्व से ही युद्ध चल रहा है और गाजा पट्टी पूरी तरह से तबाह होने के कगार पर पहुंच गई है। इस सब के बीच अब जिस तरह से इजरायल ने एकाएक ईरान पर अटैक किया है उससे अनेक देश चिंतित हो रहे हैं कि क्या यह तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत तो नहीं है। उधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर जिस प्रकार की बयान बाजी करी है और उसे सीधे चेतावनी दी है उससे ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध की गंभीरता का पता चलता है। वहीं दूसरी तरफ ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने भी ट्रंप को उसी की भाषा में जवाब दिया है कि ईरान समर्पण नहीं करेगा और वह हर तरह की परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार है। जबकि विश्व पटल पर जिस तरह की खबरें इस समय सामने आ रही हैं उससे तो लगता है कि ईरान और इजरायल एक दूसरे को तबाह करने के लिए युद्ध लड़ रहे हैं। ईरान -इजरायल संघर्ष में दोनों देशों को भारी क्षति हुई है और अगर यह युद्ध ज्यादा लंबा चला तो अमेरिका भी इसमें कूद पड़े तो इसकी कल्पना मात्र से ही विनाश का भयावह मंजर सामने दिखाई देने लगता है। वैसे तो इजरायल और ईरान के साथ ही अमेरिका के बीच जहरीले बयानों की झड़ी लगी हुई है। ईरानी सांसद ने तो अमेरिका को सीधी धमकी दी है कि वह पचास हजार ताबूत तैयार रखे। इजरायल ने भी ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का अंत करने की बात कही है। वैसे भी इजरायल ने ईरान इस तरह से पलट बार करेगा इसकी उम्मीद नहीं की थी। इजरायल में जिस तरह से तबाही मची है उससे अमेरिका भी बौखला गया है। अब सारे देश अमेरिका के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जी-7 की बैठक बीच में ही छोड़ी, उससे अमेरिका अब क्या करेगा पर ईरान और इजरायल संघर्ष का संपूर्ण दामोदर टिका हुआ है। हमारा तो यह मानना है कि ईरान और इजरायल में जितनी जल्दी हो सके यह संघर्ष रुकना चाहिए नहीं तो विनाश होना निश्चित है!

# महंगाई, बेरोजगारी के चलते हताशा निराशा का सामना कर रही जनता : वीरेंद्र रावत



अमित कुमार

हरिद्वार। कांग्रेस नेता वीरेंद्र रावत ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के चलते बढ़ रही महंगाई से जनता हताशा और निराशा का सामना कर रही है। पेट्रोल, डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। किसान मजदूर आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैंप्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वीरेंद्र रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। हरिद्वार नगर निगम में हुए जमीन घोटाले में सरकार ने अधिकारियों पर कार्रवाई कर दी है। पूरे मामले की गहराई से जांच कर अधिकारियों को संरक्षण देने वाले नेताओं के नाम भी सामने लाए जाएं। महिलाओं के प्रति लगातार बढ़ रही अपराधों पर सरकार अंकुश नहीं लगा पा रही है। ऊर्जा प्रदेश होने के बाद भी सरकार उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली की आपूर्ति नहीं कर पा रही है। उल्टे स्मार्ट मीटर लगाकर जनता को लूटने का काम किया जा रहा है। जनता के लिए चीटर साबित हो रहे स्मार्ट मीटर का पूरे प्रदेश में विरोध हो रहा है। लेकिन सत्ताधारी दल के नेता स्मार्ट मीटर को प्रमोट कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार में बिजली का बिल दो महीने मे आता था। लेकिन भाजपा सरकार में 28 दिन का बिल उपभोक्ताओं पर थोपने का काम किया जा रहा है। वीरेंद्र रावत ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। चहेते को ही काम दिया जा रहा है। महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री संतोष चौहान एवं महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष लता जोशी ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराध बढ़े हैं। भाजपा की पूर्व महिला नेत्री द्वारा अपनी नाबालिग बेटी का अपने दोस्तों शोषण कराए जाने का मामला शर्मसार करने वाला है। महेश प्रताप राणा एवं राजवीर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा का 11 वर्षों का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। पढ़ें लिखे युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है। मनीष कर्णवाल एवं दीपक टंडन ने कहा कि जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार पर कोई अंकुश नहीं लग पाया है। भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक रामयश सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली, अरविंद शर्मा, यशवंत सैनी, बीएस तेजियान, रवीश भटीजा, पूर्व पार्षद सोहेल अख्तर, विकास सिंह, पार्षद विवेक भूषण विक्की मौजूद रहे। इस इस दौरान भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुई मधु शर्मा का वीरेंद्र रावत ने पार्टी में स्वागत किया।

# गृहिणी से सफल उद्यमी बनीं बबली

## रीप परियोजना से मिली उड़ान



वाणी

हरिद्वार। हरिद्वार जनपद में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना (ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना) , महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के क्रम में, जनपद हरिद्वार के समस्त विकासखंडों में अल्ट्रा पूवर सपोर्ट, एंटरप्राइजेज (फॉर्म और नॉन फॉर्म), सीबीओ लेवल के एंटरप्राइजेज की स्थापना की गई है, इसी कड़ी में, ग्राम उदलहेडी की निवासी श्रीमती बबली ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से एक सफल प्रोविजन स्टोर की स्थापना कर आत्मनिर्भरता की एक नई मिसाल कायम की है। श्रीमती बबली, जो पहले एक गृहिणी थीं और निम्न वर्गीय परिवार से होने के कारण जीवन संघर्षों से भरा था , अब शिव स्वयं सहायता समूह की एक सक्रिय सदस्य हैं. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की सहायता से वह एसएचजी से जुड़ीं और अपनी पहचान बनाई. ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के स्टाफ द्वारा लगातार बैठकों के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने के बादउन्होंने एक एकल उद्यम (प्रोविजन स्टोर) के रूप में प्रोविजन स्टोर खोलने का निर्णय लिया। ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना ने उनके इस सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. परियोजना से उन्हें 75,००० रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई , जिसके साथ 75,००० रुपये लाभार्थी अंशदान और 1,5०,००० रुपये बैंक ऋण के रूप में कुल 3,००,००० रुपये की लागत से प्रोविजन स्टोर की शुरुआत हुई. इस सहयोग के परिणामस्वरूप, बबली अब प्रति माह 15,००० से 2०,००० रुपये की आय अर्जित कर रही हैं , जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है. बबली ने ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना का धन्यवाद किया है, ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना जैसी पहलें वास्तव में ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

## सीएम धामी ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की भेंट

आलोक

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री से रानीखेत और लैंसडाउन छावनी क्षेत्र को नगर पालिकाओं के साथ विलय करने का अनुरोध किया।

# स्वच्छता अभियान के अंतर्गत लोहाघाट क्षेत्र में नौलों, रिशेश्वर मंदिर परिसर एवं घाट की विशेष सफाई



रमेश राम

चंपावत। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत लोहाघाट नगर क्षेत्र में विशेष सफाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर पालिका परिषद लोहाघाट द्वारा क्षेत्र के प्राचीन नौलों, रिशेश्वर मंदिर परिसर, तथा उससे लगे घाट में विस्तृत सफाई कार्य संपन्न किया गया। नगर पालिका की स्वच्छता टीम द्वारा इन सभी स्थलों की गहराई से सफाई की गई। नौलों में जमी गंदगी हटाकर जल स्रोतों की शुद्धता सुनिश्चित की गई, जबकि रिशेश्वर मंदिर परिसर में झाड़ियों की कटाई, कूड़ा-कचरा निष्कासन तथा घाट की सीढ़ियों व जलधारा की साफ-सफाई की गई। घाट के आसपास की दीवारों की धुलाई एवं जल निकासी व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया। नगर पालिका अधिकारियों एवं सफाई पर्यवेक्षकों द्वारा स्थानीय नागरिकों को इन पारंपरिक जल स्रोतों और धार्मिक स्थलों की सफाई एवं संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि इन स्थलों की स्वच्छता न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामुदायिक स्वास्थ्य, पर्यटन एवं पर्यावरण संतुलन से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। जिलाधिकारी नवनीत पांडे के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र के पारंपरिक जल स्रोतों, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु नियमित अंतराल पर अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

# राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन रवि शंकर ने कार्यशाला में विकास को सुझाव मांगें




विशाल रस्तोगी

हरिद्वार। 6वें राज्य वित्त आयोग के तत्वाधान में आयोग के अध्यक्ष एन रवि शंकर की अध्यक्षता में सीसीआर सभागर में स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों, त्रि-स्तरीय पंचायतों के प्रतिनिधियों तथा राजनैतिक मान्यता प्राप्त पार्टियों के प्रतिनिधियों के विचार-विमर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा सभी से सुझाव लिये गये। आयोग के अध्यक्ष एन रवि शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग एक अप्रैल 2026 से अगले पांच साल अर्थात 31 मार्च 2031 तक की अवधि के लिए अपनी सिफारिश देगा। उन्होंने बताया कि आयोग त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति के आंकलन हेतु सभी जनपदों में विचार-विमर्श कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य वित्त आयोग की संस्तुति प्रतिशत में होगी। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग चार मानकों- जनसंख्या, क्षेत्रफल, विशिष्ट परिस्थितियों तथा रेल हैड से दूरी के आधार पर अपनी संस्तुति देगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य गांव से शुरू होता है, पंचायतें आर्थिकी की रीढ़ हैं, पंचायतें सशक्त होने पर विकसित भारत का सपना आसानी से साकार होगा। उन्होंने कहा कि राज्य विविधता वाला राज्य है और राज्य में अलग-अलग स्थानों पर परिस्थितियां भी अलग हैं, जिस कारण सभी जिलों को एक ही पैरामीटर में रखना कठिन है। उन्होंने कहा कि आयोग एकीकृत चहुँमुखी विकास की दृष्टि से अपनी संस्तुतियां प्रस्तुत करेगा। इस दौरान स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों, त्रि-स्तरीय पंचायतों के प्रतिनिधियों ने जल भराव, फ्लोटिंग जनसंख्या, त्रि-स्तरीय पंचायतों के प्रतिनिधियों के मानदेय में वृद्धि, आय के संसाधन बढ़ाने हेतु ग्राम पंचायतों को तालाबों के कॉमर्शियल उपयोग हेतु अधिकार देने सहित विभिन्न विषयों पर अपने-अपने सुझाव दिये। राजनैतिक मान्यता प्राप्त पार्टियों के प्रतिनिधियों बीजेपी जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने फ्लोटिंग आबादी के लिए अलग से वित्तीय व्यवस्था, मेलों के संचालन हेतु राज्य में स्पेशल पुलिस बटालियन की व्यवस्था जोकि राज्य के मेलो के संचालन का कार्य देखे, मेला प्राधिकरण का गठन किया जाये, हिल बायपास, प्राधिकरण के माध्यम से गरीबों के लिए आवास हेतु लैंड बैंक स्थापना, कूड़ा प्रबन्धन हेतु विशेष व्यवस्था व ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण मित्रों व स्टाफ उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में तथा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चन्द्रपाल ने मध्यम वर्ग के लिए भी आवास योजना, समरसता भवन के विषय में व सीपीआई से राजीव गर्ग द्वारा लिखित में सुझाव पत्र दिया गया। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विषयों पर सुझाव दिये। राज्य वित्त आयोग ने जनप्रतिनिधियों को सुझाव दिये कि जनपद के विकास हेतु सभी त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि आपसी समन्वय से कार्य करें, आवश्यक बड़ी योजनाओं को विभिन्न विभागों की योजनाओं के साथ कन्वर्जेन्स करते हुए पूरा किया जाये तथा राजस्व साझा करने वाली योजनाओं पर भी फोकस किया जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायते ग्राम स्तर पर, क्षेत्र पंचातयत दो या अधिक ग्रामों को जोड़ने वाले कार्यों को तथा जिला पंचायत बड़े स्तर पर कार्य करें। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत नेट योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नेट सुविधा हेतु बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ वार्ता की जाये। बैठक में मेयर हरिद्वार किरन जेसल, रूड़की से अनीता अग्रवाल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत अमित कुमार, ब्लॉक प्रमुख नितीश कुमार, करूणा कर्णवाल, राव लुबना, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, नगर आयुक्त नंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

# युवा महोत्सव में योग के वैज्ञानिक पक्ष को साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर युवा पीढ़ी के समक्ष रखा गया :डॉ. तोरन सिंह



अमित कुमार

हरिद्वार। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय और छ्टश्रहूह (केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के सहयोग से पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्राकृतिक चिकित्सा और योग विज्ञान संकाय के तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम 'योग अनप्लग्ड - यूथ फेस्ट 2025' का शुभारंभ पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. मयंक अग्रवाल, ओडीएल डायरेक्टर प्रो. सत्येन्द्र मित्तल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. ए.के. सिंह, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. अनिल कुमार, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के डीन प्रो. धनराज व प्राकृतिक चिकित्सा और योग विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ. तोरन सिंह के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वल कर किया गया। डॉ. तोरन सिंह ने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को दृष्टिगत रखते हुए इस महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस युवा महोत्सव में योग के वैज्ञानिक पक्ष को साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर युवा पीढ़ी के समक्ष रखा गयाजिससे योग के प्रति लोगों में स्वीकार्यता बढ़ेगी। देश के वरिष्ठ योग विशेषज्ञों द्वारा योग के प्राचीन विज्ञान को नए, रचनात्मक और समकालीन प्रयोगों के साथ एकीकृत कर ज्ञान गंगा का प्रवाह किया गया। डॉ. तोरन ने कहा कि इस महोत्सव का तकनीकि पक्ष भी अत्यंत उन्नत है जिसमें कलात्मक प्रदर्शन और डिजिटल रचनात्मकता का उपयोग करके युवाओं को योग विज्ञान की शक्ति से जोड़ा जा रहा है। डॉ. तोरन सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में पाँच प्रतिष्ठित कॉलेजों के लगभग 125 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया तथा योग फ्यूजन डांस, योग ओलंपियाड, थीम आधारित स्किट और स्ट्रीट थिएटर (नुक्कड़ नाटक), सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, योग लघु फिल्म प्रतियोगिता (योग घिबली), एआई-संचालित योग वीडियो प्रतियोगिता, योग रील्स प्रतियोगिता (इंस्टाग्राम/यूट्यूब) आदि में प्रतिभाग किया। युवा महोत्सव में स्वामी आनन्द देव, डॉ. कनक सोनी, डॉ. नयन बिस्वास, डॉ. सुमन लता, डॉ. सलोनी, डॉ. तनु तथा डॉ. ललित आदि उपस्थित रहे।

# सीएम धामी ने देहरादून में आयोजित 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम में किया प्रतिभाग



अमित गुप्ता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एम.के.पी कॉलेज, देहरादून में आयोजित 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं, बुजुर्गों महिलाओं को भी योग के प्रति जागरूक करने के लिए गांधी पार्क से एम.के.पी कॉलेज तक पैदल मार्च भी किया।मुख्यमंत्री ने सभी से आगामी अंतराष्ट्रीय योग दिवस में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हमें मिलकर प्राचीन योग सभ्यता को जन जन तक पहुंचाना है। ऋषि मुनियों ने योग के माध्यम से शरीर, आत्मा और मन को एकीकृत करने की अद्भुत विद्या विकसित की है। योग संपूर्ण विश्व के लिए एक संजीवनी का कार्य करता है। योग से जीवन स्वस्थ और अनुशासित बनता है। आज दुनिया योग के प्रति आकर्षित हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा योग को दैनिक जीवन में अपनाकर शरीर और मन को स्वस्थ रखने के साथ ही समाज में भी सकारात्मकता लाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे पूरे विश्व ने अपनाया था। उन्होंने कहा उत्तराखंड योग, आयुष और अध्यात्म की भूमि है। राज्य सरकार, उत्तराखंड को योग और वेलनेस टूरिज्म का वैश्विक हब बनाने पर कार्य कर रही है । राज्य सरकार ने हाल ही में नई योग नीति को मंजूरी दी है। जिसके अंतर्गत राज्य में योग और ध्यान केंद्र विकसित करने पर अधिकतम 20 लाख तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पहले से संचालित हो रहे योग केंद्रों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख तक का भी अनुदान दिया जा रहा है।

# डॉ के.पी.एस.चौहान बने सेंट्रल बोर्ड ऑफ इ एच मेडिसिन के चेयरमैन

के.पी.एस.चौहान

हरिद्वार। डॉ के.पी.एस. चौहान को सेंट्रल बोर्ड ऑफ इ एच मेडिसिन नई दिल्ली का चेयरमैन मनोनीत किए जाने पर इ एम ए के केन्द्रीय कार्यालय आर्य नगर ज्वालापुर में डा.के.पी.एस. चौहान का चिकित्सको ने स्वागत किया। इ एम ए के राष्ट्रीय महासचिव डॉ.एन.एस. टाकुली, प्रदेश अध्यक्ष डॉ मुकेश चौहान, हरिद्वार जिला अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार अग्रवाल, जिला महामंत्री देहरादून डॉ एम एस कश्यप, हरिद्वार जिला महामंत्री डॉ आदेश शर्मा, डॉ भूरे खान, डॉ. ए.पी. अग्रवाल, डॉ. बी. बी. कुमार, डॉ एम टी अंसारी, डॉ राशिद अब्बासी, डॉ चांद उस्मान , डॉ संजय मेहता आदि चिकित्सको द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

# हरिद्वार के चहुँमुखी विकास हेतु कार्य करे अधिकारी : राज्यपाल

अमित गुप्ता

हरिद्वार। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) डाम कोठी हरिद्वार पहुँचकर कांवड़ यात्रा, कुम्भ मेला तथा जनपद में संचालित विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। राज्यपाल ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा जनपद टिहरी में महिलाओं का एनिमिक सर्वे कराने सहित किये गये विभिन्न कार्यों की प्रशंसा करते हुए निर्देश दिये कि उसी तर्ज पर हरिद्वार के चहुँमुखी विकास हेतु नवाचार के कार्य किये जायें।उन्होंने केन्द्र सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों की ऑन ग्राउण्ड प्रजेंटेशन तैयार कराने का टास्क जिलाधिकारी को दिया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी कांवड़ यात्रा तथा कुम्भ मेले के सफल संचालन हेतु कांवड़ यात्रा को प्रोफेशनली डील



किया जाये तथा यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था एवं भावनाओं को फोटो एवं वीडियोग्राफ के माध्यम से अंकित किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग की चर्चा न होकर कांवड़ यात्रा तथा हरिद्वार के महत्व की चर्चा पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि कांवड़ दर्शन के रूप में कांवड़ यात्रा महत्व आदि के बारे में बताया जाये।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि यात्रा से जुड़ी सभी जानकारियां तथा पहलुओं को जनता तक पहुँचाया जाये ताकि गलत व्यक्तियों को बोलने का मौका न मिले। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुम्भ मेले के दौरान एसडीआरएफ की टीम द्वारा अच्छी कार्य शैली का उदाहरण पेश किया गया था, उनके अनुभव साझा किये जाये। राज्यपाल ने कहा कि हरिद्वार पौराणिक एवं धार्मिक आस्था का गढ़ हैं, इसके चहुँमुखी विकास हेतु दूरगामी सोच रखते हुए स्थायी प्रकृति के कार्यों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाये ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि जनपद को धार्मिक आस्था के साथ ही अर्थव्यवस्था के हब के रूम में भी विकसित किया जाये। राज्यपाल ने मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों हेतु शुरू किये गये आंगनबाड़ी सुपर स्टार के लिए सीडीओ की प्रशंसा। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्टिंग के प्रति जनता को जागरूक किया जाये ताकि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार न हो। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था की जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने वन विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, एसपी क्राईम एवं यातायात जितेन्द्र मेहरा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आरके सिंह सहित अम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## ईवीएम/वीवीपैट थ्री लेयर सिक्योरिटी में सुरक्षित



अमित कुमार

हरिद्वार। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने वेयर हाउस पहुँचकर त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में डबल लोक में रखी बीयू, सीयू, वीवीपैट का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गहनता से निरीक्षण किया और वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि अग्निशमन यंत्रों को एक्सपायर होने से पहले ही बदलने के निर्देश दिये। उन्होंने बरसात के दृष्टिगत ईवीएम को सीलन से बचाव तथा विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर सभी दलों के प्रतिनिधियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।उन्होंने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम, ईवीएम एवं वीवीपीएटी रूम, आगंतुक पंजिका, पुलिस निरीक्षण पंजिका, पॉवर सप्लाई, फायर फाइटिंग उपकरण, पुलिस कर्मियों की तैनाती, वेयर हाउस परिसर के चारों ओर सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं आदि का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तु दास, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, तसीलदार सचिन कुमार, चंद्रपाल जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस, बिन्दर पाल मंडल अध्यक्ष बीजेपी, अनिल चौधरी जिलाध्यक्ष बसपा, अक्षय कुमार गौतम बसपा, एनएस सैनी बसपा आदि उपस्थित थे।

## परियोजना से सशक्त हुई एक ग्रामीण महिला उद्यमी

हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जनपद हरिद्वार के सभी विकासखंडों में अल्ट्रा पूअर सपोर्ट एंटरप्राइजेज (फॉर्म एवं नॉन-फॉर्म) और सीबीओ स्तर पर विभिन्न उद्यमों की स्थापना की जा रही है। इसी दिशा में उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति द्वारा संचालित ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

## विश्व सनातन महापीठ में एक साथ प्रतिष्ठित होंगे शास्त्र और शस्त्र : रामविशाल दास

अमित कुमार

हरिद्वार। तीर्थ सेवा न्यास ने हरिद्वार में विश्व सनातन महापीठ की स्थापना की घोषणा की है। महापीठ में युवाओं को शास्त्र, शस्त्र और रोजगारपरक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रेस क्लब में पत्रकारों को जानकारी देते हुए न्यास के संरक्षक व परमाध्यक्ष बाबा हठयोगी महाराज ने बताया कि विश्व सनातन महापीठ भारतवर्ष में सनातन धर्म की गौरवशाली पुर्नस्थापना, संत परंपरा के संरक्षण और वेद-धर्म-संस्कृति के प्रचार का एक दिव्य केंद्र होगा। यह केवल एक तीर्थ स्थान नहीं, अपितु युग निर्माण की योजना है। जहां सनातन धर्म का दर्शन, पराक्रम, परंपरा, विज्ञान और संस्कृति एक साथ जीवंत होंगे। अध्यक्ष राम विशाल दास महाराज ने कहा कि विश्व सनातन महापीठ वह पवित्र केंद्र होगा, जहां शास्त्र और शस्त्र एक साथ प्रतिष्ठित होंगे। यज्ञ से ऊर्जा, तप से शक्ति, सेवा से राष्ट्र निर्माण और सदाचार से समाज का निर्माण होगा। यह युग निर्माण का केंद्र होगा। रामविशाल दास महाराज ने बताया कि महापीठ की स्थापना के लिए भूमि चयन समिति का गठन किया गया है। शीघ्र ही भूमि का चयन कर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व सनातन महापीठ के प्रथम चरण का अनुमानित बजट ३०० करोड़ रूपए है। जबकि पूर्ण निर्माण व्यय ५०० करोड़ प्रस्तावित है। भूमि पूजन 21 नवम्बर 2०25 तथा गौ संरक्षण एवं यज्ञशाला का उद्घाटन 21 नवम्बर 2०26 को किया जाएगा। महापीठ का उद्घाटन समारोह 22 फरवरी 2०29 को आयोजित किया जाएगा।




रामविशाल दास महाराज ने बताया कि महापीठ में १०८ यज्ञशालाओं का निर्माण किया जाएगा। वैदिक गुरुकुल की स्थापना कर शास्त्र, संस्कृत, वेद, आयुर्वेद, ज्योतिष आदि विषयों की प्राचीन परंपरा अनुसार शिक्षा दी जाएगी। देशी गौ संरक्षण एवं शोध केन्द्र की स्थापना होगी। चारों शंकराचार्यों, सभी तेरह अखाड़ों के आचार्य महामण्डलेश्वरों एवं महन्तों हेतु स्थायी संत निवास का निर्माण किया जाएगा। १०८ संत कुटिया, १००८ भक्त निवास भवन, तपस्वियों व भक्तों के स्थायी आवास बनाए जाएंगे। धर्मादेश मंच की स्थापना कर पूरे देश हेतु सनातन जीवन के संबंध में दिशानिर्देश व आदेश जारी होंगे। वातानुकुलित संसद परिसर का निर्माण किया जाएगा और प्रत्येक वर्ष 'सनातन संसद' का आयोजन किया जाएगा। संस्कार एवं शौर्य प्रशिक्षण केन्द्र में प्रतिवर्ष १,००,००० संस्कारित युवा योद्धाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। जो आवश्यकता पड़ने पर धर्म और राष्ट्र रक्षा में संकल्प पूर्वक भाग लेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमित कुमार ने अमर प्रिंटिंग प्रेस, मौहल्ला कड़च्छ, निकट-आईस फैक्टी, ज्वालापुर हरिद्वार से मुद्रित तथा श्री श्याम कुटीर, 29ए, निर्मल विहार, मिश्रा गार्डन, कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)-249408 से प्रकाशित किया।

सम्पादक
**अमित कुमार**
मो. 094120255572

**E-mail.**
guptaamit1968@gmail.com
guptasaransh11@gmail.com

कानूनी सलाहकार
**के.पी.एस.चौहान**
(एडवोकेट)

**पंजीयन संख्या: UTTHIN/2006/17322**
**डाक पंजीयन संख्या यू.ए./डी.ओ. दे.दून/291/2024-26**

नोट:-समस्त विवादों के लिये हरिद्वार न्याय क्षेत्र ही मान्य होगा सभी पद अवैतनिक है।